Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding progress of railway projects in Amreli Parliamentary Constituency, Gujarat -laid.

श्री नारणभाई काछड़िया (**अमरेली**): मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली (गुजरात) की तीन महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं के सन्दर्भ में आपको अवगत करवाना चाहता हूँ, प्रथम -खिजडिया–अमरेली–धारी–विसावदर जिसकी लम्बाई 91.27 km एवं अनुमानित लागत 547.52 करोड रु. है I दूसरा -विसावदर-जूनागढ़ जिसकी लम्बाई 42.28 km एवं अनुमानित लागत 253.68 करोड रु है और तीसरा -विसावदर-तालाला-वेरावल जिसकी लम्बाई 71.95 km एवं अनुमानित लगत 460.23 करोड रु.है I इन तीनों परियोजनाओं को केंद्र सरकार की ओर से वर्ष 2015-16 में मीटरगेज रेलवे लाइन से ब्रोडगेज में परिवर्तित करने हेतु स्वीकृत किया गया था I स्वीकृति मिलने के बाद रेलवे विभाग की ओर से इस कार्य के संबंध में 'फाइनल लोकेशन सर्वे' पूर्ण कर उसकी रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को भेज दी गयी थी, इसके बाद रेलवे बोर्ड ने पत्र नं. 2015/W-I/Gen./PEP/2016, दिनांक 08-05-2019 के द्वारा वाइल्ड लाइफ क्लीयरेंस के लिए चीफ वाइल्डलाइफ वोर्डन, गुजरात राज्य को प्रस्ताव भेज दिया था, जिसमे अबतक उक्त परियोजनाओं के कार्यों में कोई प्रगति नहीं हुई है | यह मेरे संसदीय क्षेत्र का ज्वलंतशील मुद्दा है और अमरेली जिले का मुख्य मथक होने के कारण ब्रॉडगेज सुविधा होना अतिआवश्यक है क्योंकि यह अमरेली जिले का वर्षों पुरानी मांग है |

अतः मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है की उक्त तीनों परियोजनाओं को बजट में शामिल कर पर्याप्त कोष का आवंटन किया जाये ताकि परियोजनाएं फिर से शुरू हो सके I